भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

जयपुर, 18 नवम्बर 2023

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

कार्तिक, पक्ष - शुक्ल, तिथि - पंचमी , संवत 2080 पृष्ठ : 4 शनिवार वर्ष-9, अंक-38 मूल्य ₹ 5/-

पिछले तीन विधानसभा चुनाव का टूटा रिकॉर्ड

## मध्य प्रदेश में बंपर मतदानः साढ़े 76 प्रतिशत से अधिक मतदान कर रचा नया कीर्तिमान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की 230 सीटों के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। राज्य में एक ही फेज में मतदान हुआ है। इस बार वोटिंग को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला है। राज्य में 76.5 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई है। इस बार की हुई वोटिंग ने पिछले तीन चुनावों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। राज्य में सुबह 7 से मतदान शुरु हुआ था।

» 2013 में 72.63 प्रतिशत मतदान हुआ था

» 2018 में बढ़कर 75.63 फीसदी हो गया

» मुरैना, छतरपुर, भिंड में हुई फायरिंग



### कई जगह हुई झड़प, फायरिंग भी हुई

मतदान के दौरान इंदौर, मुरैना, छतरपुर और कुछ अन्य जिलों से दोनों पक्षों के बीच चुनावी विवाद भी सामने आया है। छतरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह उर्फ नातीराजा के वाहन चालक की गोली लगने से मौत हो गई। जबकि मुरैना के दिमनी में फायरिंग होने की सूचना है। इसके अलावा भिंड में हुए पथराव में एक प्रत्याशी के पैर में चोट आई है। इंदौर में भी लाठियां और तलवारें को भी देखा गया है।

उम्मीदवारों की किस्मत हुई ईवीएम में बंद

## छत्तीसगढ़ में दूसरे और अंतिम चरण में 70 सीटों पर हुआ 68.15 प्रतिशत मतदान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। इस चरण में कुल 70 सीटों पर 68.15 प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। इसके साथ ही राज्य में उतरे सभी उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई। अब 3 दिसंबर को पता चलेगा कि जनता ने किसके पक्ष में मतदान किया। छत्तीसगढ़ की 70 सीटों पर विस चुनाव हुए।

» धमतरी में सबसे ज्यादा 79.89% वोट पड़े

» रायपुर में सबसे कम 58.83 प्रतिशत हुआ मतदान



### हॉट सीटों पर इस तरह पकड़ी वोटिंग ने रफ्तार

छत्तीसगढ़ की सबसे हाई प्रोफाइल सीट पाटन है जहां 75.54% वोटिंग हुई। यहां से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की तरफ से मैदान में हैं। वहीं सीएम के खिलाफ भाजपा ने भूपेश के भतीजे विजय बघेल को टिकट दिया है। चाचा-भतीजे की सियासी जंग ने इस सीट को सबसे चर्चित सीट बना दिया है। उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की दावेदारी से अंबिकापुर सीट सुर्खियों में है। उपमुख्यमंत्री का चुनावी हलफनामा चर्चा का विषय रहा।

बिजयनगर, नसीराबाद में जनसभा और अजमेर में शाह का रोड शो

## गहलोत महिला अत्याचार-भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में नाकाम-शाह

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर/बिजयनगर/नसीराबाद।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लाल डायरी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक प्रकरण, महिला अत्याचार एवं तुष्टिकरण के मामलों को लेकर राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के साथ वर्ष 2024 में पुनः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केन्द्र सरकार बनाने का आह्वान किया।

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को अजमेर के राजनीतिक दौरे पर रहे। बिजयनगर में मसूदा से भाजपा प्रत्याशी वीरेन्द्रसिंह कानावत एवं नसीराबाद में भाजपा प्रत्याशी रामस्वरूप लांबा के समर्थन में सभा को संबोधित किया। वहीं अजमेर में शाम को अजमेर उत्तर के भाजपा प्रत्याशी वासुदेव देवनानी एवं दक्षिण की प्रत्याशी अनिता भदेल के समर्थन में रोड शो निकाला। सभा एवं रोड शो में भाजपा प्रत्याशी साथ में रहे।



### लाल रंग देखकर भागते हैं गहलोत

**नसीराबाद** में शाह ने कहा कि लाल डायरी के काले कारनामे के चिट्ठे भी उन्हीं के विधायक ने खोले हैं। उन्होंने कहा कि लाल रंग देखकर गहलोत भागते हैं। राज्य की गहलोत सरकार ने खनन में हजारों करोड़ का घोटाला किया है। राज्य सचिवालय में अलमारी में ढाई करोड़ नकद और किलो में सोना मिलना भ्रष्टाचार को दर्शाता है। गहलोत सरकार पूरी की पूरी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली है। राजस्थान की जनता ने अपना पूरा मन बना लिया है इस बार कांग्रेस का सफाया करना है।

### पीएम मोदी और खरगे की आज प्रदेश में जनसभा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को प्रदेश दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे भरतपुर और नागौर में जिले के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं करेंगे। पीएम मोदी सुबह पहले भरतपुर और दोपहर में नागौर में सभा को सम्बोधित करेंगे। पीएम का 19 नवम्बर का भी राजस्थान का कार्यक्रम बन रहा है। उधर, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा पीपाड़सिटी, औसियां, जोधपुर जैसलमेर में सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शनिवार को प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे भरतपुर जिले के वैर और अलवर के तिजारा में जनसभाएं करेंगे। इसके अलावा हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा बीकानेर जिले के दौरे पर रहेंगे।

चित्तौड़गढ़-सागवाड़ा में जनसभा: कांग्रेस महासचिव का बीजेपी पर हमला

## मोदी को राजस्थान में ढूंढ़ने से नहीं मिल रहा सीएम का चेहरा: प्रियंका

### राहुल गांधी की तरह अड़ाणी पर बोला हमला

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सागवाड़ा/चित्तौड़गढ़।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर केन्द्रीय नेताओं के तूफानी दौरे शुरू हो गए हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को डूंगरपुर और चित्तौड़गढ़ जिले के दौरे पर रहीं और क्षेत्र की करीब 16 विधानसभा सीटों को साधने का प्रयास किया। उन्होंने भाजपा पर चुनाव के दौरान धर्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा बिखरी हुई पार्टी है। पीएम के पास सीएम चेहरा नहीं है, इसलिए प्रदेश के कोने-कोने में घूमकर सीएम का चेहरा ढूंढ़ रहे हैं। उन्हें अपने नेताओं



पर ही विश्वास नहीं है। प्रदेश के बड़े नेताओं का साइडलाइन कर अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं। क्या प्रदेश मोदी चलाने आएंगे। पिछले दौरे में भी इसी मुद्दे को उठाया था। वे पानी और पेट्रोल-डीजल पर वैट में कमी को लेकर कुछ नहीं बोली, लेकिन राज्य सरकार के काम की पड़ोसी मध्य प्रदेश सरकार के काम से तुलना कर राजस्थान सरकार की तारीफ की। उन्होंने लोगों से वोट मांगने नहीं, जागरूकता मांगने की बात कहते हुए भाजपा के झांसे में नहीं आने की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी मौजूद थे। प्रियंका ने सागवाड़ा में राहुल की तरह अडानी पर हमला बोला और कहा देश का किसान एक दिन में 27 रुपए कमाता है, लेकिन मोदी ने अपने दोस्त अड़ानी को देश की सारी संपत्ति दे रखी है, वे एक दिन में 16 हज़ार करोड़ रुपए कमा रहे हैं।



## राजस्थान विधानसभ चुनाव : मतदान 25 नवम्बर को, पार्टी नेताओं की धड़कने हुई तेज

# बागी, कैसे लगने देंगे पार्टी की नैया पार?

विधानसभा चुनाव में प्रमुख दोनों दल भाजपा और कांग्रेस चिंतित है। भाजपा ने अधिकतर सीटों पर नये चैहरों पर दांव खेला है तो कांग्रेस ने अधिकतर सीटों पर चेहरों का बदलाव किया है। इसी परिवर्तन के चलते दोनों दलों में बागियों में बारात तैयार है। ऐसे में ये बागियों की बारात कई सीटों पर गणित बिगाड़ते दिख रही हैं। 2018 में कांग्रेस सरकार बहुमत के करीब पहुंची, लेकिन मजबूत सरकार के लिए निर्दलीय व अन्य विधायकों को साथ लेना पड़ा। चुनाव प्रचार जैसे-जैसे तेज हो रहा है। बागियों की आवाज भी बुलंद हो रही है। वजह साफ है कि उन्हें राज्य के कुछ बड़े नेताओं के करीबी होने के साथ मूक सहमति भी मिली है। कांग्रेस में 17 और भाजपा में 14 सीटों पर निर्दलीय कड़े मुकाबले में हैं। चर्चा यह भी है कि राजस्थान में भाजपा-कांग्रेस के कुछ दिग्गज नहीं चाहते हैं कि किसी भी दल को बहुमत मिले।

## कांग्रेस

**ज्यादातर मुकाबला त्रिकोणीय**

44 विधानसभा सीटों पर

## 49 उम्मीदवार पार्टी से निष्कासित

### 17 ने ठोकी चुनावी ताल

*कांग्रेस ने नामांकन के बाद बागियों की मान-मनुहार की। कई बैठ गए और जो नहीं बैठे उन्हें पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया गया। कांग्रेस ने 44 विधानसभा सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे करीब 49 उम्मीदवारों पर कार्रवाई की है, लेकिन बागियों वाली सीटों पर आकलन करने पर कांग्रेस के करीब 17 बागी ऐसे हैं, जिन्होंने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इनमें तीन वर्तमान विधायक और कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक या उनके परिजन मैदान में हैं।*




### मुख्यमंत्री कर चुके 30 सीटों पर दौरे

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत इस माह अब तक करीब 30 विधानसभा सीटों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। लेकिन उनके दौरे पर पार्टी के मजबूत बागी नेताओं वाली सीटों पर नहीं हुए हैं। हालांकि पार्टी के नेताओं का दावा है कि आगामी दिनों में इन सीटों में से भी कुछ पर कार्यक्रम बन सकता है।

### कौन बागी किसके करीब

**चुनावी समर में दरकती सियासत की विरासत**

**अशोक गहलोत गुट से बागी:** जौहरीलाल मीणा, आलोक बेनीवाल, वीरेन्द्र बेनीवाल, रामचन्द्र सराधना, महेश मोरदिया, हबीबुर्रहमान, गोपाल बाहेती

**सचिन पायलट गुट से बागी:** खिलाड़ी बैरवा, राकेश बोयत, कैलाश मीना, करूणा अशोक चांडक, फतेह खान

**किसी गुट से नही:** परम नवदीप, अंजली यादव, सिमरत संधू, बलराम यादव, प्रहलाद नारायण बैरवा

### विस सीट-बागी उम्मीदवार

**किशनगढ़ बास:** सिमरत संधू
**संगरिया:** परम नवदीप (पूर्व विधायक)
**धोद:** महेश मोरदिया (विधायक पुत्र)
**बसेड़ी:** खिलाड़ी बैरवा (विधायक)
**लूणकरणसर:** वीरेन्द्र बेनीवाल (पूर्व मंत्री)
**नागौर:** हबीबुर्रहमान (पूर्व मंत्री)
**शाहपुरा (जयपुर):** आलोक बेनीवाल (विधायक)
**मुंडावर:** अंजली यादव (पूर्व विधायक पुत्री)
**विराटनगर:** रामचन्द्र सराधना (पूर्व विधायक)
**केशोरायपाटन:** राकेश बोयत, **पुष्कर:** गोपाल बाहेती
**राजगढ़-लक्ष्मणगढ़:** जौहरी लाल मीना (विधायक)
**शिव:** फतेह खान (जिलाध्यक्ष), **श्रीमाधोपुर:** बलराम यादव
**श्रीगंगानगर:** करुणा अशोक चांडक (पूर्व प्रत्याशी की पत्नी)
**मनोहरथाना:** कैलाश मीना (पूर्व जिलाध्यक्ष) **निवाई:** प्रहलाद नारायण बैरवा

## भाजपा

**कुछ को मनाया, कुछ ने ठोकी ताल**

23 विधानसभा सीटों पर पार्टी के बागी

## 36 नेताओं को किया पार्टी से बाहर

### 14 ने चुनावी समर पर उतारी अपनी नाव

**भाजपा** ने नामांकन के बाद बागियों की मान-मनुहार की थी। पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत सहित कुछ बागियों को बैठाने में भाजपा सफल भी हो गई। जो नहीं बैठे उन्हें पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है। भाजपा ने चुनाव मैदान में उतरे 23 और उनके समर्थक 13 बड़े नेताओं पर कार्रवाई की है। बागियों वाली सीटों का आकलन करने पर भाजपा के 14 बागी ऐसे हैं, जिन्होंने मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इनमें दो विधायक व कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक या उनके परिजन मैदान में हैं।




### 29 सीटों पर राजे कर चुकीं सभाएं

**भाजपा** की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे इस माह अब तक करीब 29 विधानसभा सीटों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुकीं हैं, लेकिन उनके दौरे पर पार्टी के मजबूत बागी नेताओं वाली सीटों पर नहीं हुए हैं। राजे समर्थकों का कहना है कि मतदान से पहले इन सीटों में से भी कुछ सभाएं हो सकती हैं।

**ये बागी वसुंधरा राजे के नजदीकी:** कैलाश मेघवाल, युनूस खान, राजेन्द्र भाम्बू, गुलाब सिंवर, कैलाश मेघवाल (पिलानी), प्रियंका चौधरी, बंशीधर बाजिया, शिमला बावरी, आशा मीना, अशोक सिंह रावत, भवानी सिंह राजावत, जीवाराम चौधरी।

**अन्य बागी-** चन्द्रभान सिंह आक्या को आरएसएस, रविन्द्र सिंह भाटी को सी.पी. जोशी के नजदीकी माना जाता है।

### ये बिगाड़ रहे समीकरण

**सांगरिया:** गुलाब सिंवर
**पिलानी:** कैलाश मेघवाल
**डीडवाना:** यूनुस खान (पूर्व मंत्री)
**लाडपुरा:** भवानी सिंह राजावत (पूर्व मंत्री)
**सांचौर:** जीवाराम चौधरी (पूर्व विधायक)
**चित्तौड़गढ़:** चन्द्रभान सिंह आक्या (विधायक)
**बाड़मेर:** प्रियंका चौधरी (पूर्व मंत्री गंगाराम की पोती) आरएलपी ने भी उन्हें समर्थन दे दिया है
**शिव:** रविन्द्र सिंह भाटी (छात्र नेता)
**सवाईमाधोपुर:** आशा मीना (पिछले चुनाव में प्रत्याशी)
**झुझुनूं:** राजेन्द्र भाम्बू (पिछले चुनाव में प्रत्याशी)
**खंडेला:** बंशीधर बाजिया (पूर्व मंत्री)
**अनूपगढ़:** शिमला बावरी (पूर्व विधायक)
**पुष्कर:** अशोक सिंह रावत (आरएलपी में शामिल हुए)
**शाहपुरा (भीलवाड़ा):** कैलाश मेघवाल (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष)

### यहां त्रिकोणीय मुकाबला

चित्तौड़गढ़, डीडवाना, लाडपुरा, सवाईमाधोपुर, कोटपूतली, बाड़मेर, बायतू, सिवाना, चौहटन, शाहपुरा (भीलवाड़ा), श्रीगंगानगर, संगरिया, झोटवाड़ा, खंडेला, लूणकरणसर, झुंझुनूं, सांचौर, पिलानी, खेतड़ी, उदयपुरवाटी, सादुलशहर, करणपुर, अनूपगढ़, रायसिंहनगर, हनुमानगढ़, भादरा, नोखा, डूंगरगढ़, शाहपुरा (जयपुर), डूंगरपुर, आसपुर, भीलवाड़ा, आसींद, नागौर, खींवसर, मेड़ता, परबतसर, जालोर, गंगापुरसिटी, निवाई, करौली, सपोटरा, हिंडौन, सीकर, सरदारशहर, वल्लभनगर, खेरवाड़ा, सलूंबर, मावली, राजसमंद, कुंभलगढ़, जैतारण, जायल, बूंदी, केशवरायपाटन, मनोहरथाना, डग, प्रतापगढ़, रामगढ़, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, किशनगढ़बास, मुंडावर, कठूमर, बहरोड़, किशनगढ़, नसीराबाद, अजमेर उत्तर, मसूदा।

**चतुष्कोणीय मुकाबला:** चौमूं, फतेहपुर, सूरतगढ़, विराटनगर, बस्सी, कपासन, चौरासी, दांतारामगढ़, धोद, ब्यावर, पुष्कर  **पंचकोणीय मुकाबला:** शिव

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री ने दिया बड़ा बयान

## अच्छी सर्विस चाहिए तो टोल चुकाना ही होगा- गडकरी

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने टोल वसूली को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि टोल सिस्टम लाना हमारी मजबूरी थी। सरकार के पास रिसोर्सेज की कमी है, लेकिन विदेशों में यही सिस्टम चल रहा है। अगर आपको अच्छी सर्विस चाहिए तो इसके लिए पैसा चुकाना ही होगा। टोल वसूली बंद नहीं हो सकती। कम या ज्यादा हो सकती है। गडकरी ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि टोल वसूलने के लिए नया सिस्टम ला रहे हैं। इसके तहत



सैटेलाइट के जरिए ही आपके अकाउंट से पैसा कटेगा। खास बात यह है कि हाइवे पर जितने किलोमीटर आपकी गाड़ी चलेगी, उतना ही पैसा आपको चुकाना पड़ेगा। हमने कानून बनाया, जुर्माना लगाया, लेकिन लोगों में कानून के प्रति डर नहीं है। जनता को ही जागरूक होना पड़ेगा। जल्द ही सरकार जयपुर और नई दिल्ली के मध्य इलेक्ट्रॉनिक्स बसों का संचालन करेगी जिसमें किराया डीजल बसों से भी कम होगा।

### सड़कों पर दो लाख करोड़ के काम

**गडकरी** ने कहा कि राजस्थान में 41 हजार करोड़ की लागत से तीन ग्रीन फील्ड हाईवे बना रहे हैं। दिल्ली जयपुर हाईवे का काम दिसंबर जनवरी तक पूरा हो जाएगा। प्रदेश में वर्तमान में दो लाख करोड़ के काम चल रहे हैं और भविष्य में करीब एक लाख करोड़ के काम और होंगे।

## पीएम मोदी जयपुर में करेंगे रोड़ शो, गोविंद देवजी मंदिर से होगी शुरूआत!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जयपुर में रोड शो 21 नवम्बर को कराने की तैयारी है। प्रदेश भाजपा ने इसका प्रस्तावित प्लान तय कर दिल्ली भेज दिया है। इसके तहत मोदी शाम छह बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और मोती डूंगरी गणेश मंदिर पहुंचेंगे। यहां दर्शन कर सीधे गोविन्ददेवजी मंदिर जाएंगे। यहां ठाकुरजी के दर्शन कर जलेब चौक से शाम करीब 7.15 बजे रोड शो शुरू करेंगे। हवामहल के सामने, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, बापू बाजार, नेहरू बाजार होते हुए अजमेर गेट आएंगे। यहां से किशनपोल बाजार, छोटी चौपड़ होते हुए चांदपोल हनुमान मंदिर पर रात 9 बजे रोड



शो समाप्त होगा। यह रूट करीब 5 किलोमीटर लम्बा रहेगा। इस दौरान बड़ी चौपड़ पर ध्वजाधीश मंदिर, सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर, चांदपोल बाजार में रामचन्द्रजी और हनुमान मंदिर के दर्शन करते हुए गुजरेंगे। रोड शो के दौरान वाहन से केवल समापन स्थल पर ही उतरेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम पर संभवतः शनिवार को मुहर लग सकती है। पहले 23 नवम्बर को शो कराने का विचार चल रहा था।

### राहुल गांधी 23 को कर सकते रोड शो

**राहुल** गांधी 23 नवम्बर को जयपुर में रोड शो कर सकते हैं। पार्टी उनका रोड शो गोविन्ददेवजी मंदिर से शुरू कराकर चारदीवारी से होते हुए एमआई रोड से पांच बत्ती तक लाना चाह रही है। इससे हवामहल, किशनपोल, आदर्श नगर, मालवीय नगर के साथ सिविल लाइन्स सीट के शुरुआती छोर को छूना चाह रहे हैं।



अजमेर में गृह मंत्री शाह की चुनावी रैली

भाजपा की सरकार के लिए सभी वोट करें

# 5 साल कांग्रेस ने जमकर किया भ्रष्टाचार, पेपर लीक में बड़ा 'खेल'

राजस्थान चुनाव को लेकर सभी पार्टियां जोर-शोर से जुटी हैं। भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को अजमेर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा और उसे सबसे भ्रष्ट पार्टी बताई। यहां पहुंचकर गृह मंत्री शाह ने लोगों को भाजपा सरकार को वोट देने की अपील की।

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

चुनावी राज्य राजस्थान में चुनावी सरगर्मी बनी हुई है। सभी पार्टियां जोरो-शोरों से चुनावी प्रचार में जुटी हुई है। इसी कड़ी में भाजपा नेता और गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को राजस्थान के अजमेर पहुंचे। यहां उन्होंने गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा और उनकी कई खामियां गिनाईं।

गृह मंत्री शाह ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जब वोट डालें, तो ये मत सोचिएगा कि किसी को विधायक बनाने जा रहे हैं, भाजपा की सरकार बनाने जा रहे हैं।

**राम मंदिर का किया जिक्र**

शाह ने कहा कि देश आजाद हुआ तब से कांग्रेसराम मंदिर के मुद्दे को अटका रही थी, लटका रही थी, भटका रही थी। जब मोदी जी दोबारा पीएम बने तो राम मंदिर का भूमि पूजन किया। अब भव्य राम मंदिर बन रहा है और मोदी जी प्राण प्रतिष्ठा भी करने वाले हैं।



**घपले-घोटालों को भी गिनाया**

आपका एक वोट नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए है। अपने पांच साल तक कांग्रेस की सरकार देखी है, इन पांच साल में कांग्रेस ने सबसे बड़ा काम भ्रष्टाचार करने का काम किया है। इसके साथ ही कांग्रेस के सारे काले कारनामों को उजागर भी किया। इसके अलावा कांग्रेस के सभी घोटालों को सिलसिलेवार जाहिर किया।

## अबकी बार डबल इंजन सरकार के लिए वोट करें

**कांग्रेस सरकार पर जमकर साधा निशाना**

विजयनगर में शाह ने कहा कि जितने पेपर लीक हुए हैं। यहां 1.40 करोड़ युवाओं का जीवन बर्बाद हुआ। कांस्टेबल भर्ती का पेपर, एसआई भर्ती का पेपर, चिकित्सा अधिकारी का पेपर प्रमुख हैं।

**कांग्रेस सरकार का रिपोर्ट कार्ड बताया**

शाह ने कहा कि गहलोत सरकार ने काली-सिंध बांध के नाम पर ढाई सौ करोड़ रुपए का घोटाला किया। राशन में भी एक हजार करोड़ रुपए का घपला किया। इन्होंने पूरे राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बनाकर रखा है, ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना है। गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि गहलोत सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के लिए राजस्थान में सभी सीमाएं लांघ दी है।

## दिल्ली में छठ के चलते बंद रहेंगी शराब दुकानें

**नई दिल्ली।** दिल्ली में छठ पर शराब की दुकानें बंद रहेंगी। आबकारी आयुक्त के एम उप्पू ने



आदेश जारी कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि छठ पर्व के चलते 19 नवंबर के दिन शराब की दुकानें बंद रहेंगी। इस दिन ड्राई डे रहेगा। पिछली बार भी छठ पर शराब की दुकानें बंद रही थीं।पिछली बार यमुना नदी की सफाई को लेकर भाजपा और आम आदमी पार्टी में जारी सियासी घमासान शुरू हो गया था।

## भारत पे के को-फाउंडर को एयरपोर्ट पर रोका

**नई दिल्ली।** भारत पे के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी जैन को



दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोका गया है। ग्रोवर पत्नी माधुरी जैन के साथ न्यूयॉर्क जा रहे थे लेकिन दोनों को देश से बाहर जाने से रोक दिया गया। दोनों को दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू ने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोक दिया। पिछले हफ्ते ही लुकआउट सर्कुलर जारी किया था।

## ओडिशा में 17 लोगों को उम्रकैद की सजा,जुर्माना

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में डायन के संदेश में एक दंपत्ति को जलाकर मौत के घाट उतारने के आरोप में



17 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। 3 साल पहले ओडिशा के जाजपुर जिले में वारदात को अंजाम दिया गया था, जिसके बाद पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया था। 20 गवाहों और सबूतों के बाद सभी को उम्रकैद सुनाई है। जुर्माना भी लगाया है।

## दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के पास युवक पर फायरिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर दिनदहाड़े गोलीबारी की घटना सामने आई है। कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार दोपहर कई राउंड की फायरिंग हुई है। इसमें एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया। शख्स का नाम महादेव बताया जा रहा है। जिसकी उम्र तकरीबन 35 साल है। वह दिल्ली के दक्षिणपुरी इलाके का रहने वाला है।

### पीएम मोदी ने पार्टी मुख्यालय में भाजपा के दिवाली मिलन कार्यक्रम को किया संबोधित

# एआई का इस्तेमाल 'डीप फेक' बनाने के लिए करना चिंताजनक और गंभीर

### मीडिया इसके दुरुपयोग और प्रभाव के बारे में जागरुकता फैलाए



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** एक कार्यक्रम के दौरान यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल 'डीप फेक' बनाने के लिए किया जाना चिंताजनक है।इसके साथ ही उन्होंने मीडिया से इसके दुरुपयोग और प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

यहां पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिवाली मिलन कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने गरबा महोत्सव में गाते हुए अपना एक वीडियो देखा, जबकि उन्होंने स्कूल के दिनों से ऐसा नहीं किया है। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि यहां तक कि जो लोग उन्हें प्यार करते हैं, वे भी वीडियो को एक दूसरे से साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जैसे विविधतापूर्ण समाज में 'डीप फेक' एक बड़ा संकट पैदा कर सकते हैं और यहां तक कि समाज में असंतोष की आग भी भड़का सकते हैं क्योंकि लोग मीडिया से जुड़ी किसी भी चीज पर उसी तरह भरोसा करते हैं जैसे आम तौर पर गेरुआ वस्त्र पहने व्यक्ति को सम्मान देते हैं। पीएम मोदी की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है जब डीपफेक को लेकर चर्चा लगातार जारी है।

इससे समाज में असंतोष की आग भी भड़कना संभव

इसकी कला तो देखिए... मुझे भी गरबा करते दिखा दिया गया





**इसके कारण एक नया संकट उभर रहा**

उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा के माध्यम से उत्पादित 'डीप फेक' के कारण एक नया संकट उभर रहा है। समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग है जिसके पास समानांतर सत्यापन प्रणाली नहीं है। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि जहां उन्होंने कुछ चीजों के बारे में विचार व्यक्त किए हैं वहीं उन्हें इस बारे में जागरुकता फैलाने के लिए मीडिया का सहयोग चाहिए।'डीप फेक' तकनीक शक्तिशाली कंप्यूटर और शिक्षा का उपयोग करके वीडियो, छवियों, ऑडियो में हेरफेर करने की एक विधि है। पीएम मोदी ने कहा कि पहले कुछ विवादास्पद टिप्पणियों वाली फिल्म आती थी और चली जाती थीं, लेकिन अब यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है।

### डीप फेक' के मामलों में भी चेतावनी देना जरूरी

उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्मों का प्रदर्शन भी इस आधार पर मुश्किल हो जाता है कि उन्होंने समाज के कुछ तबकों का अपमान किया है। मोदी ने सुझाव दिया कि जिस तरह सिगरेट जैसे उत्पाद स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों के साथ आते हैं, उसी तरह 'डीप फेक' के मामलों में भी होना चाहिए। वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के अपने संकल्प का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये केवल शब्द नहीं हैं बल्कि सत्यता हैं।

### नकली और असली क्लिप में अंतर करना हो रहा मुश्किल

डीपफेक मौजूदा विधानसभा चुनावों में चुनावी लोकतंत्र की अखंडता के लिए बड़ी चुनौतियां पैदा कर रहे हैं, जिससे नकली और असली क्लिप के बीच अंतर करना मुश्किल हो गया है। डीप डाइव ने राजनेताओं को निशाना बनाने वाली छेड़छाड़ की गई छवियों, नकली वीडियो क्लिप और कृत्रिम वॉयसओवर जैसे डीपफेक के खतरों पर प्रकाश डाला। ये महज बयानबाजी नहीं है बल्कि जमीनी हकीकत है।

**'वोकल फॉर लोकल' पर भी दिया जोर**

उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को लोगों का समर्थन मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि गत एक सप्ताह में लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हुआ है, जिसमें दिवाली और छठ से संबंधित खरीददारी शामिल है। मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की उपलब्धियों ने लोगों में विश्वास पैदा किया कि देश अब रुकने वाला नहीं है।उन्होंने कहा कि लगभग 130 देशों ने भारत द्वारा आयोजित एक 'ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन' में भाग लिया।

**आज देश शिखर की ओर बढ़ता जा रहा**

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि एक राष्ट्र के जीवन में एक समय आता है जब वह शिखर की ओर बढ़ता है और यही भारत के साथ हो रहा है।उन्होंने मीडिया से किसी भी असत्य का सहारा लिए बिना देश की ताकत को सामने करके देश को विकसित बनाने के कार्यक्रम को मजबूती देने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि विकसित भारत और अर्थव्यवस्था से संबंधित विचार 25 वर्षों तक चर्चा के केंद्र में रहने वाले हैं।

### नूंह में फिर हिंसा, पुलिस बल तैनात

## 'कुआ का पूजन' करने जा रही महिलाओं पर पथराव, 9 जख्मी



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

हरियाणा के नूंह में एक बार फिर हिंसा हुई है। इलाके में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। कुआं पूजन करने जा रही महिलाओं पर कथित तौर पर मदरसे से कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। पथराव के कारण पूजा करने जा रही 9 महिलाएं घायल हो गईं।

घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एक बार फिर नूंह का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। महिलाओं पर हुए हमले से लोगों के अंदर आक्रोश है। बताया जा रहा है कि हमले में 9 महिलाएं जख्मी हुई हैं। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। इससे पहले 31 जुलाई को विश्व हिंदू परिषद की ब्रज मंडल शोभा यात्रा कथित तौर पर भीड़ ने हमला कर दिया था। जिसके कारण यहां हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा के कारण दो जवान और मौलवी सहित कुल 6 लोगों की जान चली गई थी। हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात है।

**पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे एसपी**

मामले की सूचना मिलने के बाद नूंह के एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने वहां के लोगों का शांत कराया है। पुलिस के अधिकारी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिजारनिया ने मीडिया से कहा कि शिकायत मिली है कि कुआ पूजन करने जा रही महिलाओं पर मदरसे के कुछ बच्चों ने पथराव कर दिया। इस घटना के बाद से दोनों समुदाय के लोग वहां आ गए। मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। लोगों से अपील किया जा रहा है कि वे शांति बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जो भी इस मामले में दोषी हैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किसी भी महिला को अधिक चोट नहीं आई है।

### इमाम बोले- नहीं हुई पत्थरबाजी

मस्जिद के इमाम ने कहा कि मदरसे में पढ़ने वाले बच्चे शाम के समय खेल रहे थे, उनके चप्पल या कोई सामान गलती से गिर गया और वह किसी को लग गया। इसी बात को बढ़ाया गया। यहां पत्थरबाजी जैसी कोई घटना हुई होती तो गुरुवार रात ही मौके पर एसपी और दूसरे पक्ष के लोग भी पहुंचे थे। उसी समय घायलों को एसपी के सामने पेश करना चाहिए था लेकिन इस घटना में कोई सच्चाई नहीं है। छोटे-छोटे तीन बच्चे हैं, सबसे बड़ा 11 साल का है। ये बच्चे ऐसा काम नहीं कर सकते।

तेलंगाना के मेनिफेस्टो में कांग्रेस के बड़े ऐलान

## 500 में गैस सिलेंडर, बिजली फ्री, शादी में सोना और कैश



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

तेलंगाना में 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणापत्र जारी किया। अध्यक्ष मलिल्कार्जुन खरगे की मौजूदगी में यह मैनिफेस्टो जारी किया। मैनिफेस्टो में एलपीजी सिलेंडर 500 रुपए में देने के अलावा फ्री बिजली, लड़की शादी में सोना और कैश देने जैसे वादे किए हैं। खरगे ने तेलंगाना को अलग राज्य बनाने में सोनिया गांधी की भूमिका का भी जिक्र किया।

### खरगे ने 6 गारंटी की कही बात

खरगे ने कहा कि जैसे हमने कर्नाटक में 5 गारंटी देकर, वहां की जनता को उसे सौंप दिया, वैसे ही तेलंगाना के लिए भी हमने 6 गारंटी रखी है। जो लोग भगवान राम के नाम पर वोट मांगते हैं, उन्होंने कुछ नहीं किया है। कांग्रेस महिलाओं को बस में फ्री सफर की सुविधा दे रही है।

### राहुल ने कहा-केसीआर जहां पढ़े कांग्रेस ने स्कूल बनवाया

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेयर राव (केसीआर) पर हमला करते हुए कहा कि इन्होंने कुछ नहीं किया। हमने इतना काम किया कि आप जिस स्कूल में पढ़ते हैं वो हमारा ही बनाया हुआ है। वारंगल में कहा कि केसीआर सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने पिछले 60 साल में क्या किया? केसीआप आप जिस स्कूल में पढ़े हैं वो कांग्रेस ने बनाया है। उन्होंने कहा कि इन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। प्रियंका गांधी सागवाड़ा और चितौड़गढ़ में सभा करने राजस्थान पहुंचीं हैं। यहां पर हमारी सरकार ने सोचा कि अगर हम कर्ज माफ कर ले तो कुछ परेशानियां कम हो जाएंगी और हमने किया भी वही।

## ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने एएसआई ने 15 दिन और मांगा

वाराणसी उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का काम पूरा हो चुका है। कोर्ट ने सर्वे के काम को पूरा करने के लिए 17 नवंबर तक का समय दिया है। शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे जिला अदालत में इस मामले की सुनवाई होनी है। इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण टीम (एएसआई) ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण पर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कोर्ट से 15 दिन का समय मांगा है। एएसआई की ओर से जिला जज की अदालत में एक अर्जी दाखिल की गई है।ज्ञानवापी मामले में 5 महिलाओं ने श्रृंगार गौरी समेत अन्य विग्रहों के पूजा अधिकार की मांग को लेकर कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## छठ पूजा में की प्रार्थना

वाराणसी। भारतीय सेना के जवान शुक्रवार को वाराणसी में 'छठ पूजा' त्योहार मनाने से पहले गंगा नदी के तट पर सफाई अभियान में भाग ले रहे हैं।





नोएडा। नोएडा में छठ पूजा उत्सव के दौरान श्रद्धालु यमुना नदी में पवित्र डुबकी लगाते हुए प्रार्थना कर रही हैं।

# शिक्षा के क्षेत्र में तर्कसंगत सुधारों की सख्त दरकार

**शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जिसमें आजादी के 75 साल बाद भी प्रयोग ही किए जा रहे हैं। कभी गांव-गांव स्कूल खोलने की बात होती है तो कभी छोटे-छोटे स्कूलों को बड़े स्कूल में मिलाकर खर्च बचाने की। हद तो यह कि जिस क्षेत्र के पास देश के भविष्य की बुनियाद मजबूत करने की महती जिम्मेदारी है, उसे ठेके पर चलाने से भी परहेज नहीं किया जाता।**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**देश** के विकास में शिक्षा की महत्ता को स्वीकार तो हमेशा ही किया गया है, लेकिन संसाधनों और दूरदर्शिता के अभाव में शिक्षा क्षेत्र की अनदेखी ही होती आई है। शिक्षा क्षेत्र पर जितना ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए था, किया नहीं जा सका है। यह ऐसा क्षेत्र है जिसमें आजादी के 75 साल बाद भी प्रयोग ही किए जा रहे हैं। कभी गांव-गांव स्कूल खोलने की बात होती है तो कभी छोटे-छोटे स्कूलों को बड़े स्कूल में मिलाकर खर्च बचाने की। हद तो यह कि जिस क्षेत्र के पास देश के भविष्य की बुनियाद मजबूत करने की महती जिम्मेदारी है, उसे ठेके पर चलाने से भी परहेज नहीं किया जाता।

शिक्षा क्षेत्र का निजीकरण तो एक समस्या है ही, सरकारी स्कूलों के लिए भी ठेके पर शिक्षक नियुक्त करने का चलन कई राज्यों में दिख जाता है। बिना तैयारी के शुरू करने से गरीब और वंचित बच्चों तक ज्ञान की ज्योति पहुंचाने के लिए बनी सरकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ अभी कोसों दूर है। अब नीति आयोग ने फिर शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की सिफारिश की है, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूलों को मर्ज करने और शिक्षकों की



नियुक्ति प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने का सुझाव दिया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, चीन की तुलना में भारत में समान नामांकन के आधार पर पांच गुना ज्यादा स्कूल हैं। कई राज्यों में 50 फीसदी ऐसे स्कूल हैं, जहां 60 से भी कम नामांकन हैं। देशभर में 10 लाख से अधिक शिक्षकों की कमी है। कई राज्यों में शिक्षकों के 30 से 50 फीसदी पद खाली हैं। शहरी क्षेत्र में जरूरत से ज्यादा तो ग्रामीण इलाकों में जरूरत से काफी कम शिक्षक हैं। ऐसे स्कूलों की तादाद भी हजारों में हैं, जहां संस्था प्रधान ही नहीं हैं। देश में शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें मुनाफाखोरी से दूर रखा जाना चाहिए। संसाधनों के लिए धन जुटाने के कई तरीके हो सकते हैं, जिनका पता लगाया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र के सीएसआर फंड का इस्तेमाल किया जा सकता है और उन पर अतिरिक्त कर भी लगाए जा सकते हैं। वर्तमान में ज्यादातर कंपनियां सीएसआर फंड का इस्तेमाल अपने ब्रांड के प्रमोशन में ही करती दिखती हैं।

इन्फोसिस के पूर्व सीईओ एनआर नारायणमूर्ति का यह सुझाव भी गौर करने लायक है कि देश में स्कूली शिक्षा पर एक अरब डॉलर खर्च करने और दुनिया के 10,000 अत्यंत कुशल रिटायर हो चुके शिक्षकों की सेवाएं लेते हुए सेवारत शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। शिक्षक अच्छे वेतन और सम्मान के हकदार हैं। जब तक ऐसा नहीं होगा, सर्वोत्तम प्रतिभाएं इस क्षेत्र में अपना करियर नहीं खोज सकेंगी। नीति आयोग की सिफारिशों पर अमल करने से पहले इन सब बातों पर भी गौर करना होगा।

### हरियाणा सरकार को हाईकोर्ट का झटका

## प्रदेशवासियों को निजी नौकरी में 75% आरक्षण का कानून रद्द

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

हरियाणा सरकार द्वारा निजी क्षेत्र की नौकरियों में प्रदेश के निवासियों को 75 प्रतिशत आरक्षण के कानून को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।





याचिका में कहा था कि निजी क्षेत्र में योग्यता और कौशल के अनुसार लोगों का चयन किया जाता है। अगर नियोक्ताओं से कर्मचारी को चुनने का अधिकार ले लिया जाएगा तो उद्योग कैसे आगे बढ़ सकेंगे। हरियाणा सरकार का 75 प्रतिशत आरक्षण का फैसला योग्य लोगों के साथ अन्याय है।

**रोजगार पर अराजकता की स्थिति पैदा होगी**

यह कानून उन युवाओं के सांविधानिक अधिकारों का हनन है जो अपनी शिक्षा और योग्यता के आधार पर भारत के किसी भी हिस्से में नौकरी करने को स्वतंत्र हैं। याची ने कहा कि यह कानून योग्यता के बदले रिहायश के आधार पर निजी क्षेत्र में नौकरी पाने की पद्धति को शुरू करने का प्रयास है। ऐसा हुआ तो हरियाणा में निजी क्षेत्र में रोजगार पर अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी।

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23

विधानसभा आम चुनाव

# 1 हजार 863 वोटर्स ने उठाया होम वोटिंग सुविधा का लाभ

## चार दिनों में 6 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने किया घर से मतदान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विधानसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश की अनुपालना में होम वोटिंग प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 14 नवंबर से शुरू हुई होम वोटिंग के तहत विगत 4 दिनों में कुल 6 हजार 12 मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। विधानसभा चुनाव के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को विधानसभा चुनाव के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को होम वोटिंग के लिए कुल 1 हजार 927 मतदाताओं में से 1 हजार 863 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 64 मतदाता अनुपस्थित रहे। होम वोटिंग के चौथे दिन कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 116, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 44, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 36, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 74, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 129, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 138, जमवारागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 100, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 103 एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 120 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 206, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 99, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 87, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 139, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 117, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 164, बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 61, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 130 मतदाताओं ने घर से ही मतदान सुविधा का लाभ उठाया।

गौरतलब है कि विधानसभा आम चुनाव में पहली बार होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। जिन वोटर्स ने होम वोटिंग का विकल्प चुना हैं वे 19 नवंबर तक मतदान कर पाएंगे। कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों में 7230 वोटर्स ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है, जिसमें 6328 के 80 वर्ष से अधिक एवं 902 विशेष योग्यजन मतदाता हैं।

# डॉ. मधुकर गुप्ता 19वें अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस और चुनावी पुरस्कार समारोह में "चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर" से सम्मानित

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता को पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतरराष्ट्रीय चुनावी मामलों के कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार "चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर" से सम्मानित किया गया।

पुर्तगाल की संसद के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में डॉ. गुप्ता को यह सम्मान विश्व स्तर पर चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और प्रथाओं को आगे बढ़ाने में किये गए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतरराष्ट्रीय चुनावी मामलों की कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह ने वैश्विक नेताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया है।

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?
देशी दिल के लिये, दादी वाला देशी तेल...
Kabira® Healthy Growth Yellow Mustard Oil
Natural Immunity Booster
FORTIFIED
100% VEG.
COLD PRESSED
KOSHER
Approved by : WHO GMP
one of the OLDEST OIL known to HUMAN
स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।
- प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
- निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
- निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
- केन्सर को रोकने में लाभदायक ।*
- मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
- एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
- केवल देसी सरसों द्वारा निर्मित ।
- मोटापा घटाने में लाभदायक ।
- बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
- ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
- तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
- अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
- सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
- छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।




Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil

स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | कबीरा ब्लेन्डेड एवं कनोला तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | कबीरा रिफाईण्ड सूरजमुखी तेल |
| | कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free
ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER

| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

-: Awards & Achievements :-



To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
# For Arward Details : Contact 98290-50738
* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

SHYAM® KITCHEN MASALE
1995 Since
ISO 22000 CERTIFIED COMPANY
नए इंडिया के फेवरेट मसाले!




ALL ARTICLES ARE AVAILABLE IN OUR STORE
Shop no. 1 Astha Imperial, Raj Bhavan Rd, Civil Lines, Jaipur, Rajasthan 302006,
Mahima IRIS, Govindpuri, Jaipur, Rajasthan 302019
SARVAM MART
ALL NEEDS WITH GREAT DEALS
Also Available at
DMart | METRO Cash & Carry | Reliance SMART | Reliance fresh | AADHAAR WHOLESALE CENTRE | NR Mart
CityMart | JioMart | udaan | Flipkart | available at amazon | DealShare.in
For Trade Enquiries Call
Vithal Agarwal 8890330330
Pradeep Pareek 9530007111
Visit us at : www.shyamspices.co.in
Email: vithal@shyamspices.co.in